'महिलाओं को सामाजिक सरोकार के कार्य में आगे आने की आवश्यकता'

- योग्य महिलाओं के लिए राजनीति का प्रशिक्षण केन्द्र हो सकते हैं सामाजिक मंच : हीरालाल नागर
- श्री धाकड़ महासभा महिला इकाई की राष्ट्रस्तरीय प्रथम बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

कोटा, (निसं)। श्री धाकड़ महासभा महिला इकाई की राष्ट्रस्तरीय प्रथम बैठक एवं शपथ ग्रहण समारोह रविवार को धरणीधर गार्डन पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक गुंजन नागर तथा ममता नागर बामला ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री तथा धरणीधर जनसेवा संस्थान के अध्यक्ष हीरालाल नागर व महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र नागर थे। अध्यक्षता महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजश्री नागर ने की।

वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेविका अरूणा नागर, राजश्री नागर, अटरू प्रधान वंदना नागर, उपप्रधान मांगरोल सीमा नागर थीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि महिलाओं को सामाजिक सरोकार के कार्य में आगे आने की आवश्यकता है। आज हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। चाहे व्यापार हो, डिफेंस हो, सरकारी सेवा हर क्षैत्र में महिलाओं ने लोहा मनवाया है।

उन्होंने कहा कि आगे पंचातीराज और नगर निकाय के चुनाव हैं, जिनमें भी महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण मिला है। पीएम मोदी ने भी विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया है। सभी योग्य महिलाओं के लिए राजनीति के दरवाजे भी खुले हुए हैं। इसके लिए सामाजिक मंच प्रशिक्षण केंद्र साबित हो सकते हैं।

महिलाएं चाहे सामाजिक, राजनीतिक या सर्विस सेक्टर में हों, किसी भी क्षेत्र में काम करें, पूर्ण संकल्पित मन से जुटें और राष्ट्र की उन्नति में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। नरेन्द्र नागर ने कहा कि हमारी सभी पदाधिकारी शपथ लेकर देश और समाज के लिए काम में जुटेंगी। आज सरकारें भी महिलाओं को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने में निरंतर जुटी हुए हैं। जिससे शहर से लेकर गांव तक और बिजनेस से लेकर शेयर बाजार तक महिलाओं का सशक्तिकरण खूब नजर आने लगा हैं।

इस अवसर पर अध्यक्ष राजश्री नागर ने अब तक कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने अपने कार्यकाल में भविष्य की कार्य योजना का विजन डॉक्यूमेंट भी रखा। उन्होंने महासभा एवं समाज में महिलाओं की सहभागिता पर भी अपना पक्ष रखा। राजश्री नागर ने कहा कि धाकड़ समाज की महिलाएं हर क्षैत्र में बढ़ रही हैं।

सरकारी नौकरी में भी महिलाऐं बढ़ी हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुंजन नागर ने स्वागत भाषण दिया। ममता बामला ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन नूपुर मालव एवं चंचल नागर ने किया। इस दौरान कोटा शहर अध्यक्ष तृप्ति नागर देहात अध्यक्ष विष्णु नागर तथा बारां जिला अध्यक्ष उमा नागर की जिला कार्यकारिणियों ने शपथ ग्रहण की।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष दीपशिखा धाकड़, मध्यप्रदेश की अध्यक्ष पवित्रा नागर, प्रियंका नागर, द्वारिका नागर, वंदना नागर, स्नेहलता मालव, सुमन नागर, आरती नागर, कविता नागर, सुप्रिया मंडलोई, भारती नागर, सीमा बड़ोद, डॉ. श्वेता नागर, माधुरी नागर, उमा बडेलिया, मंजू नागर, रीना नागर समेत कई महिलाएं उपस्थित रही।

छबड़ा के अवस्थी ने मान बढ़ाया

छबड़ा (निसं)। कस्बे के 19 वर्षीय छात्र प्रद्युम्न अवस्थी ने भारत के अग्रणी ऐली क्लब के 27वें मिस एंड मिस्टर टीन इंडिया-2025 के फाइनलिस्ट बनकर प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त किया। ऐली क्लब द्वारा आयोजित मिस एंड मिस्टर टीन इंडिया प्रतियोगिता भारत के किशोरों एवं किशोरियों के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने का सर्वश्रेष्ठ एवं प्रतिष्ठित मंच है। ऐली क्लब को मॉडलिंग की दुनिया में भारत के सर्वश्रेष्ठ मंच के रूप में मान्यता प्राप्त है। इसकी स्थापना 1997 में हुई थी और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए लंबे समय के मंच प्रदान करने के कारण इसका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज है। ऐली क्लब एड्स जैसी बीमारियों के प्रति भी जागरूकता अभियान चलाता है। छात्र 25 अगस्त से 2 सितंबर तक दिल्ली में रैम्प गुरू मिस संबिता बोस एवं प्रशिक्षित द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं 3 सितम्बर को मिस एंड मिस्टर टीन इंडिया प्रतियोगिता का फिनाले दिल्ली में आयोजित होगा। जिसमें फेशन उद्योग एवं बॉलीवुड की हस्तियों की भी शिरकत रहेगी।अवस्थी का अब तक का सफर चुनौतियों से भरा रहा है।

'एक बार डायबिटीज होता है तो 40 प्रतिशत संभावना है कि किडनी डैमेज होगी'

- अब हर पल डायबिटीज की जानकारी मिल जाती है, शुगर बढ़ेगी तो इंडिकेशन आ जाएगा
- भारत में डायबिटीज, हार्ट डिजीज, ओबेसिटी महामारी के रूप में सामने आई

कोटा, (निसं)। क्लिनिकल कार्डियो-डायबिटिक सोसाइटी ऑफ इंडिया (सीसीडीएस आइकॉर्न 2025) की दो दिवीसय 9वीं राष्ट्रीय कान्फ्रेंस 2025 का का समापन रविवार को लाईफ स्टाईल डीजीस को कंट्रोल करने की नई सोच के साथ हुआ। इन दो दिनों में देशभर के 550 से अधिक चिकित्सकों ने अपने शोध, अनुभव व नई तकनीक को साझा किया और मोटापा, डायबिटीज, बीपी और हृदय रोगों की समस्या को दूर करने का प्रयास किया।

इस दौरान बताया गया कि नई तकनीक गांव ढांणी तक पहुंचे यह इस कान्फ्रेंस का उद्देश्य रहा है, ताकि समाज को इसका लाभ मिल सके। डॉ.गिरीश माथुर ने बताया कि कोविड के बाद डायबिटीज, हार्ट डिजीज, ओबेसिटी यह एक महामारी के रूप में सामने आई है और यह सब मिलकर हमारे समाज के लिए खतरा पैदा कर रही है, इस पर गहन विचार करने की आवश्यकता है। उसी को लेकर यहां पर मंथन किया गया, इनका समाधान ढूंढने का प्रयास किया गया। आम आदमी को क्या मैसेज दे सकते हैं कि वह अपना ध्यान रख सके, यदि वह इसका शिकार है तो उसका उपचार कैसे करें, पूरे देशभर से डेलिगेट्स यहां आए जिन्होंने बेहतर जानकारी सांझा की है। डॉ.केके पारीक ने ओरेशन के दौरान कहा कि हमे रिसर्च करना होगा कि हम कैसे लाईफ स्टाईल को सही रह सकते हैं, हमें भारत की गाईडलाईन बनानी होगी, जिसमें हम कैसे स्वस्थ रह सकते हैं, उसकी जानकारी देनी होगी। क्योंकि हम जिस माहौल में जी रहे हैं जो हमारा एटमॉस्फेयर है उसके अनुसार ही गाईडलाईन बननी चाहिऐं। उन्होंने कहा कि अब आने वाले समय में ऑनलाईन सीएमई करेंगे ताकि दूरदराज बैठे डॉक्टर को भी पूरी जानकारी मिल सकें, नए शोधों का पता उन्हें चल सके और वह सही उपचार करें। राजस्थान सीसीडीएसआई के अध्यक्ष डॉ.एसके शर्मा ने बताया कि इस कॉन्फ्रेंस के बाद माना जा रहा है कि नई सोच के साथ इन बीमारियों पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकेगा। सचिव पुनीत सक्सेना ने बताया कि दूर दराज से कोटा आए चिकित्सकों ने कोटा का भ्रमण किया और इस कान्फ्रेंस को यादगार व सफल बताया।

सीसीडीएसआई के सचिव डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह ने इस कांफ्रेंस के माध्यम से डायबिटीज से किडनी की होने वाली बीमारियों पर चर्चा करते हुए कहा कि डायबिटीज जब भी आएगा तो बीपी, किडनी की बीमारी को साथ लेकर आएगा, हमें डायबिटीज का नहीं दूसरी बीमारियों का भी उपचार करना है। किडनी महत्वपूर्ण अंग है और यदि एक बार डायबिटीज होता है तो 40 प्रतिशत किडनी खराब होने की संभावना रहती है। किडनी डैमेज नहीं हो इसके लिए हमे समय-समय पर जांच करानी होगी। किडनी की बीमारियों से बचा जा सकेगा यदि हम साल में एक बार यूरीन एग्जामिनेशन कराएंगे।

सार-समाचार

मकान ढहने से पत्नी की मौत, पति घायल

कोटा, (निसं)। बीते दिनों कोटा जिले में हो रही भीषण बारिश के चलते कोटा ग्रामीण इलाके के सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में एक मकान ढहने से महिला की मौत हो गई एवं हादसे में उसका पति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कोटा-श्योपुर रोड़ पर स्थित एक मकान में मकान मालिक मजीद अपनी पत्नी शकिला बानो, बेटा जावेद, बहु यास्मीन और दो साल की पोती के साथ रहते है, शनिवार बीती रात्रि को जावेद और यास्मीन एक कमरे में सो रहे थे और परिवार के अन्य सदस्य दूसरे कमरे में सो रहे थे। बताया जा रहा है कि मकान के पीछे एक खाली प्लॉट है जिसमे बरसात का पानी का भराव होने से मकान की पीछे की दीवार गिर गई जिसके चलते कमरे की छत की पट्टियां टूट कर कमरे में सो रहे जावेद और यास्मीन पर गिर गई। दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां महिला की मौत हो गई एवं हादसे में घायल जावेद अस्पताल में भर्ती है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि शनिवार रात्रि को सुल्तानपुरा थाना इलाके में कच्ची बस्ती में बने एक मकान की पट्टियां टूटने से उसके नीचे दबने से महिला यास्मीन की मौत हो गई।

मकान का छज्जा और बाथरूम गिरा, हादसा टला

कोटा, (निसं)। उद्योग नगर थाना इलाके में पुलिस की सर्तकता के चलते हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार शनिवार रात्रि को इलाके के सूरसागर स्थित एक जर्जर मकान के छज्जे का हिस्सा गिर गया, जिससे छज्जे पर बना बाथरूम भी नीचे आ गया। गनिमत रही कि शनिवार को सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मकान को जर्जर अवस्था में देखते हुए और हादसे की आशंका के चलते मकान में रह रहे बुजुर्ग महिला और उसके बेटे को मकान से बाहर निकाल कर हादसा होने से पहले ही उनके परिचित के यहां पहुंचा दिया। उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि इलाके के सूरसागर में एक मकान के जर्जर होने की सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर भेजी गई। पुलिस टीम ने हादसे की आशंका को देखते हुए मकान में रह रहे मां-बेटे को सुरक्षित परिचित के यहां पहुंचाया और मकान के दोनों तरफ बैरिकेड लगाकर रास्ता बंद करवाया गया। शनिवार देर रात्रि को मकान का छज्जा और उस पर बना बाथरूम नीचे गिर गया, हालांकि हादसे में कोई जनहानि नही हुई।

शराब के नशे में पकड़ा विद्युत तार, हुई मौत

कोटा, (निसं)। आरकेपुरम थाना इलाके में एक व्यक्ति ने घर में शराब के नशे में बिजली का तार पकड़ लिया। विद्युत करंट की चपेट में आने से व्यक्ति अचेत हो गया, जिसे उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। आरकेपुरम थानाधिकारी महेन्द्र मारू ने बताया कि मृतक इलाके के रोजड़ी निवासी घनश्याम था। थानाधिकारी ने बताया कि घनश्याम ने शराब के नशे में घर में बिजली के खुले तार को पकड़ लिया जिससे करंट की चपेट में आने से घनश्याम अचेत हो गया। जिसे अचेतावस्था में अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

भक्ति और साधना से गूंजा जैन मंदिर

कोटा, (निसं)। विज्ञान नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर इन दिनों अध्यात्म, साधना और आत्मचिंतन का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। आचार्य विराग सागर महाराज एवं आचार्य विशुद्ध सागर महाराज की पावन सन्निधि में, गणिनी प्रमुख आर्यिका विभाश्री माताजी एवं आर्यिका विनयश्री माताजी (संघ सहित) के निर्देशन में 13 पिच्छियों का चातुर्मास उत्सव धार्मिक गरिमा और अनुशासन के साथ जारी है। चातुर्मास समिति के गौरवाध्यक्ष राजमल पाटौदी एवं महामंत्री अनिल जैन ठौरा ने जानकारी दी कि इस पावन अवसर पर पदम चंद, महावीर प्रसाद, ऋषभ, अनुज, मोनू, सोनू, जोनू, रचित, रिया जैन सहित समस्त बाकलीवाल (सर्राफ) परिवार और टोडारायसिंह वाले विज्ञान नगर श्रद्धालु परिवारों ने दीप प्रज्वलन, शास्त्र भेंट और चित्र अनावरण कर विशेष पुण्यलाभ अर्जित किया।

भजनों से गूंजा वातावरण

कोटा, (निसं)। श्री महर्षि दधीचि छात्रावास समिति महिला मंडल द्वारा रविवार को नंदोत्सव बड़े हर्षोल्लास और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मां दधिमती मंदिर प्रांगण में हुआ, जहां भक्तिमय माहौल में श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समिति की अध्यक्ष स्मिता शर्मा और मंत्री अंबिका शर्मा ने सर्वप्रथम लड्डू गोपाल का पंचामृत अभिषेक किया। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। अध्यक्ष रविन्द्र जोशी ने इस प्रकार के कार्योक्रम को भारतीय संस्कृति की नीव बताया।

घर-घर यज्ञ कर जगाई जा रही अलख

छबड़ा (निसं)। गायत्री शक्ति पीठ द्वारा घर घर यज्ञ किये जा रहे है, जिसमे आमजन भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे है। रविवार को संजू लोधा के पुत्र के जन्मदिन पर यज्ञ किया गया। मीडिया प्रभारी रामचरण प्रजापति ने बताया की संस्कारों से देवत्य की प्राप्ति होती है। संस्कारों की सभी मनुष्यों को जरूरत है और पांच तत्वों का पूजन कर उज्जवल भविष्य की कामना की। उपस्थित परिजनो द्वारा महामृत्युंजय मंत्र एवं गायत्री मंत्र से आहुतियां समर्पित की गई।

नाले में फंसे नंदी का रेस्क्यू किया

छबड़ा (निसं)। टीम गौ रक्षा दल द्वारा रविवार को ऑफिसर नगर मे 2 दिन से नाले में फंसे नंदी का आमजन के सहयोग से सफल रेस्क्यू किया। जिसका मुकेश प्रजापति द्वारा प्राथमिक उपचार कर गोशाला में छोड़ा गया। इस अवसर पर दल के सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद थे।

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक : एफ-15/कृ.भू.रु./2025/970 —: विज्ञप्ति :— दिनांक : 22.08.2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम देवली अरब में स्थित कृषि भूमि योजना उज्जवल विहार खसरा नं. 39 में स्थित भूखण्ड संख्या सी-43 आवेदक/आवेदिका श्रीमती ममता पत्नि श्री किरती सिंह एवं श्री किरती सिंह पुत्र श्री हिम्मत सिंह निवासी- मेडीकल कॉलेज के सामने दुर्गा विहार कॉलोनी झालावाड़ राज. द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 05 दिनांक 10.04.2023 को श्री अब्दुल हसीब खान पुत्र श्री अब्दुल गफूर के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 25.02.2025 को जर्ये मुख्तारआम यशवेन्द्र सिंह पुत्र श्री बावा सिंह द्वारा आवेदकों के पक्ष में किया गया है।

अतः श्रीमती ममता पत्नि श्री किरती सिंह एवं श्री किरती सिंह पुत्र श्री हिम्मत सिंह के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

इंडस्ट्रियल समिट में उभरे नवाचार के सुझाव

कोटा, (निसं)। कोटा शहर की औद्योगिक प्रगति और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इंडस्ट्रियल समिट 2025 में उद्योगपतियों और विशेषज्ञों ने कोटा के औद्योगिक भविष्य के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में न केवल स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने, बल्कि बाहरी निवेशकों को कोटा में उद्योग स्थापित करने और सहयोग के अवसरों पर गहन मंथन और विचार-विमर्श किया गया। बीएनआई कोटा चैप्टर के अध्यक्ष पीयूष गुप्ता ने बताया कि निजी होटल में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ एसएसआई के संस्थापक गोविंद राम मित्तल, डीसीएम श्रीराम के पूर्व सीईओ एवं करेजियस कम्युनिटी फाउंडेशन के चेयरमैन वी.के. जेटली, उद्योगपति बजरंग कुमार साबू, सीए नरेंद्र मित्तल व युवराज जयकुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया।

करेजियस कम्युनिटी फाउंडेशन के चेयरमैन वी.के.जेटली ने अपने मुख्य उद्बोधन में कहा कि कोटा के व्यापारियों को भविष्य की सोच के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा, यदि आप 10 वर्षों की आगे की सोच के साथ काम करेंगे तो आपके पास आने वाली चुनौतियों से लड़ने के विकल्प होंगे। यदि सोच में बदलाव नहीं आया तो आपके कारोबार के उत्तराधिकारी मिलना भी मुश्किल होगा। जेटली ने कोटा में नई संभावनाओं के लिए फिल्म सिटी बनाने का विकल्प सर्वोत्तम बताया।

उन्होंने कहा कि कोटा में कई राष्ट्रीय स्तर की फिल्मों का फिल्मांकन किया जा चुका है, परंतु अभी तक इस दिशा में गंभीरता से विचार नहीं किया गया है। कोटा में फिल्म सिटी बनने से पर्यटन को भी विस्तार मिलेगा।

फिल्म सिटी के लिए आवश्यक लोकेशन से लेकर हर सुविधा कोटा में मौजूद है। यह एक बड़ा उद्योग है, और वर्ष 2027 तक हवाई अड्डे के प्रस्तावित होने से फिल्म सिटी एक मील का पत्थर साबित हो सकती है। जेटली ने औद्योगिक क्षेत्र की लगभग 1000 पत्थर प्रसंस्करण इकाईयों और 80 से अधिक खदानों में नवाचार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि कोटा स्टोन की विश्वव्यापी पहचान है, परंतु इसका स्थान टाईल्स ले चुकी है। यदि कोटा स्टोन की टाईल्स का बड़े स्तर पर उत्पादन किया जाए तो यह टाईल्स का स्थान ले सकती है। यह टाईल्स की तुलना में अधिक मजबूत और टिकाऊ भी है।

जेटली ने रामगंज मंडी के धनिया उत्पादन की चर्चा करते हुए कहा कि यहां 6500 टन धनिया का उत्पादन होता है, जो एशिया में सबसे अधिक है। यह सीधे बड़ी कंपनियों द्वारा खरीदा जाता है, ऐसे में कोटा के व्यापारी इन्हें चुनौती देने की कोशिश नहीं करते। धनिया के क्षेत्र में कोटा के व्यापारियों को अपनी भूमिका बढ़ानी होगी।

राज्य सरकार की उद्योग नीति का लाभ उठाने का सुझाव-एसएसआई के संस्थापक गोविंद राम मित्तल ने अपने उद्बोधन में कहा कि कोचिंग के बाद जो स्थान खाली हो गया है, उसे भरने के लिए राज्य सरकार की उद्योग नीति में 11 नए उद्योगों के लिए कर कटौती, सब्सिडी व सुविधाओं के साथ उन्हें कोटा शहर में लागू किया जा सकता है।

मिट्टी की मूर्तियों का वितरण किया

कोटा, (निसं)। चम्बल को प्रदूषित होने से रोकने की मुहिम के अन्तर्गत रविवार को शरीर दानी, नेत्र दानी स्व.अमिता भार्गव स्मृति संस्थान के निदेशक प्रदीप भार्गव एवं अध्यक्ष अरुण भार्गव, निदेशक आकाश भार्गव और उनके पोते प्रणव भार्गव तथा चंबल बचाओं आंदोलन के संयोजक कुन्दन चीता, हाड़ौती पर्यावरण संरक्षण समिति के संभागीय अध्यक्ष श्याम मनोहर हरित के संयुक्त तत्वाधान में रामपुरा भाटापाड़ा स्थित इमली का नोहरा में बाल्मीकि बस्ती की महिलाओं और बच्चों को मिट्टी की मूर्ति वितरित की गई। मुख्य अतिथि अखाड़ों के उस्ताद बाल किशन बरथूनिया थे। अध्यक्षता रामपुरा व्यापार संघ के अध्यक्ष प्रदीप पाटनी ने की। कार्यक्रम में हम लोग संस्था के डॉक्टर सुधीर गुप्ता, किसान नेता भीम सिंह कुंतल, नगर सेट के संयोजक विशाल साहू, वीरेंद्र सिंह राठौड़ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रेम भाटिया, आरएन शर्मा रिटायर्ड अधिकारी विद्युत विभाग एवं स्थानीय पार्षद अमरनाथ शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

'अतिवृष्टि से गिरे कच्चे मकानों का निर्माण पीएम आवास योजना में हो'

कोटा, (निसं)। भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने हाड़ौती संभाग मे अतिवृष्टि से गिरे कच्चे मकानों का निर्माण पीएम आवास योजना मे कराए जाने की मांग करते हुए बाढ़ से हुए नुकसान का पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। मनोज दुबे ने बाढ़ से पीड़ित परिवारों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से अविलम्ब उचित मुआवजा देने एवं जलभराव से हुए नुकसान से पीड़ित परिवारों को उचित सहायता राशि दिए जाने की मांग की है।

मनोज दुबे ने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना की सार्थकता तभी है, जब इस योजना का लाभ हर ज़रूरतमंद तक पहुंचे, जब बूढ़ी माताओं, अकेली विधवाओं, गरीब मजदूरों और किसानों के तिरपाल के नीचे सोते परिवारों के सिर पर भी पक्की छत होगी तभी योजना सार्थक होंगी। वैसे, सरकारी रिपोर्टों में तो आज भी गांवों का मौसम गुलाबी है, और घर पक्के, पर जमीनी हकीकत ये है कि लाखों-करोड़ों घरों में अभी भी पक्की छत नहीं है। मोदी सरकार कहती है की कोई भी मकान कच्चा न रहे और हर मकान पक्के हों, लेकिन केवल हाड़ौती संभाग मे ही अतिवृष्टि से हजारो कच्चे मकानों का गिरना बेहद चिंताजनाक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार बेघर परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए। बारिश के दिनों में कच्ची छत ओर उसके नीचे जीवन गुजारना कितना मुश्किल ओर कठिन होता है ये राजमहल मे रहने वाले नहीं जानते। मनोज दुबे ने कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने के लिए जो राशि मिलती है, वह बहुत मामूली है। इतने कम राशि में घर बनाना बहुत मुश्किल है। सरकार आपदा में प्रभावित घरों को फिर से बसाने के लिए सहायता राशि को बढ़ाकर कम से कम 10 लाख रुपये कर पीड़ित परिवारों को राहत दे। क्योंकि पीड़ित परिवारों के कच्चे घर गिरने के साथ ही उनकी गृहस्थी भी मलबे में दब कर खराब हो गई है।

त्यौहारों के अवसर पर सोगरिया-दानापुर-सोगरिया विशेष साप्ताहिक ट्रेन

कोटा, (निसं)। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए, रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों पर सोगरिया और दानापुर के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09821 (सोगरिया-दानापुर) का संचालन दिनांक 27 सितम्बर 2025 से 01 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक शनिवार कुल 06 फेरे के लिए किया जाएगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09822 (दानापुर-सोगरिया) का संचालन दिनांक 29 सितम्बर 2025 से 03 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक सोमवार कुल 06 फेरे के लिए किया जाएगा। गाड़ी संख्या 09821 (सोगरिया-दानापुर) सोगरिया स्टेशन से हर शनिवार को रात 23.10 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में 23.53 बजे बारां, 00.28 बजे सालपुरा, 00.48 बजे छबड़ा गूगौर, 01.50 बजे रूठियाई, 02.20 बजे गुना एवं 03.05 बजे अशोक नगर स्टेशनों पर ठहरते हुए दानापुर स्टेशन पर रविवार रात 23.45 बजे पहुंचेगी। वापसी दिशा में गाड़ी संख्या 09822 (दानापुर-सोगरिया) प्रत्येक सोमवार को दानापुर स्टेशन से रात 01.15 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन मार्ग में 19.38 बजे अशोक नगर, 20.55 बजे गुना, 21.48 बजे रूठियाई, 22.18 बजे छबड़ा गूगौर, 22.33 बजे सालपुरा एवं 23.13 बजे बारां स्टेशनों पर ठहरते हुए सोगरिया स्टेशन पर मंगलवार रात 01.10 बजे पहुंचेगी। कोच संरचना-इस विशेष ट्रेन में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी इकोनॉमी, 07 शयनयान श्रेणी एवं 04 सामान्य श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 22 डिब्बे होंगे। ठहराव-सोगरिया, बारां, सालपुरा, छबड़ा गूगौर, रूठियाई जंक्शन, गुना, अशोक नगर, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं.दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर स्पेशल ट्रेनों के समय एवं ठहराव की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेल्वे इन्क्वायरी वेबसाईट एवं एनटीईएस एप डाउनलोड करें।

शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप-शाखा रामगंजमंडी कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न

रामगंजमंडी, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा रामगंजमंडी की कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगंजमंडी में रविवार को सम्पन्न हुआ।

उपशाखा निर्वाचन चुनाव अधिकारी जगदीश प्रसाद गोयल की देखरेख व कमलेश कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण में सम्पन्न हुए। उपशाखा कार्यकारिणी में सभाध्यक्ष प्रेम बहादुर सोनी, अध्यक्ष रमेश गोचर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुर्गा लाल अहीर, कोषाध्यक्ष राम कुमार शर्मा, मंत्री रुपचंद वर्मा ,महिला मंत्री सुनीता तिवारी, उप-सभाध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाह व हर्षवर्धन, उपाध्यक्ष पुरुष ओमप्रकाश सहारण, उपाध्यक्ष महिला मन्जु लता सोनी, व्याख्याता प्रतिनिधि हरिओम नागर, वरिष्ठ अध्यापक प्रतिनिधि भंवर सिंह हाड़ा, तृतीय श्रेणी प्रतिनिधि गोविन्द सेनी, पुस्तकालय प्रतिनिधि भरतराज गोयम व सेवानिवृत्त शिक्षक प्रतिनिधि बनवारी लाल बैरवा का निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

इस अवसर पर राधेश्याम अहीर, बनवारी यादव, लोकेश शर्मा, मांगीलाल महावर, ओमप्रकाश गुप्ता भाया, प्रेम बहादुर सोनी, रुपचन्द वर्मा, सुनीता तिवारी व अन्जनी शर्मा सहित 10 प्रदेश महासमिति सदस्य तथा 39 जिला महासमिति सदस्यों का भी निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों का जिला पदाधिकारियों राधेश्याम अहीर, बनवारी यादव, रमेश गोड़, मांगीलाल महावर, अशोक जोगी, दीपक शाक्यवाल, उदयराज जाटव, अमृतलाल मीणा, सुल्तानाराम, कजोड़लाल गुर्जर व प्रदीप गुर्जर सहित कई शिक्षक सदस्यों ने माल्यार्पण कर स्वागत अभिनन्दन किया व नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाईयां दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सन्दर्भ में संगोष्ठी कर पोस्टर का विमोचन भी किया गया तथा अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में उपशाखा के प्रत्येक विद्यालय में प्रार्थना सभा में हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान थीम पर 1 सितंबर को विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संकल्प दिलाने का आव्हान किया।